(i) Members are requested to update their KYC details. i.e., PAN, Address, Mobile Number, Bank Account details, E-mail id and Nomination. All shareholders of the Company holding shares in physical mode are requested to update their KYC details as mandated by SEBI by writing to the Company's RTA at rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com and are advised to dematerialize their securities. Further, Members holding shares in electronic form are requested to submit their KYC details to their depository participant(s).

(ii) **Opening of Special Window for Re-lodgment of Transfer Requests for Physical Shares:** Pursuant to the SEBI Circular No. SEBI/HO/MIRSD/MIRSD-PoD/P/CIR/2025/97 dated July 02, 2025, a special window is opened by the Company for a period of six (06) months from July 07, 2025 till January 06, 2026 to facilitate re-lodgement of Transfer Requests of Physical Shares that were lodged prior to deadline of April 01, 2019 and rejected/returned/ not attended to due to deficiency in the documents/ process/or otherwise by furnishing necessary documents to themselves Company's RTA.

Eligible Investors may submit their re-lodgement requests along with the requisite documents to the Company's Registrar and Share Transfer Agent (RTA), within the above-mentioned timeline at the contact details provided below:

**MUFG Intime India Private Limited** (formerly known as Link Intime India Private Limited) **Registered Office**: C-101, Embassy 247, L.B.S. Marg, Vikhroli (West), Mumbai – 400 083, **Tel**: +91 810 811 6767; **Email:** rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com; **Website**: https://in.mpms.mufg.com

(iii) **100-Days Campaign- "Saksham Niveshak":** The Investor Education and Protection Fund Authority (IEPFA), under the MCA, has launched a nationwide 100-days campaign titled "Saksham Niveshak", from July 28, 2025, to November 06, 2025, for enhancing investor awareness and facilitating the recovery of unclaimed dividends and shares. The Shareholders of the Company are encouraged to update their KYC details, bank mandates, and contact information, including registration of email addresses, within the campaign period to ensure timely and effective communication from the Company. This will enable the Company to make future payments of dividends to the rightful claimant directly, avoiding transfer or any unclaimed amount to IEPF Authority.

k) For any grievance or query, Members may write to Ms. Sapna Bhatia, Company Secretary and Compliance Officer at companysecretary@se.com or may write to Company's RTA at rnt.helpdesk@in.mpms.mufg.com

The above information is being issued for the information and benefit of all the Members of the Company in compliance with MCA and SEBI circulars issued from time to time.

**For Schneider Electric President Systems Limited**
**Sd/-**
**Sapna Bhatia**
**Company Secretary & Compliance Officer**

Life Is On | Schneider Electric

**Date: September 29, 2025**
**Place: Bengaluru**

# प्रतिस्पर्धी दबाव से थम सकती है कॉनकॉर की चाल

**राम प्रसाद साहू**
मुंबई, 29 सितंबर

कंटेनर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (कॉनकॉर) का शेयर पिछले तीन महीने में करीब 13 फीसदी गिरावट का शिकार हुआ है। जून तिमाही में सुस्त परिचालन प्रदर्शन, बाजार भागीदारी को पहुंचे नुकसान और मूल्य निर्धारण संबंधित दबाव की वजह से कंपनी के शेयर में गिरावट आई है।

कुछ ब्रोकरेज फर्मों ने इस शेयर को डाउनग्रेड किया है या उसे 'बेचें' रेटिंग दी है और कीमत लक्ष्य (500-530 रुपये) से संकेत मिलता है कि मौजूदा स्तर से शेयर का भाव और नीचे जा सकता है।




### बरकरार है चिंता

- जून तिमाही में कंपनी का परिचालन प्रदर्शन अनुमान से कम रहा
- बाजार भागीदारी को हो रहा नुकसान कंपनी के लिए एक बड़ी समस्या है
- कई ब्रोकरेज फर्मों ने घटाई है शेयर की रेटिंग

हालांकि जून तिमाही में कंपनी का परिचालन प्रदर्शन अनुमान से कम रहा, लेकिन कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 के लिए वृद्धि के अपने अनुमान को बरकरार रखा है। कंपनी को उम्मीद है कि निर्यात-आयात 10 प्रतिशत बढ़ेगा, जबकि घरेलू कारोबार में 13 प्रतिशत की वृद्धि होगी। जून तिमाही में, कंपनी ने पिछले साल की इसी तिमाही की तुलना में निर्यात-आयात में 10 फीसदी वृद्धि दर्ज की, जबकि उसके घरेलू कारोबार में गिरावट आई।

बाजार भागीदारी को हुआ नुकसान दलाल पथ के लिए मुख्य चिंता है। जून तिमाही में, कॉनकॉर ने निर्यात-आयात या एक्सिम सेगमेंट में अपनी बाजार भागीदारी में 200 आधार अंक की गिरावट दर्ज की। वित्त वर्ष 2020 की पहली तिमाही से अब तक कंपनी की बाजार भागीदारी में 10 प्रतिशत की गिरावट आई है।

विश्लेषक आदित्य मोंगिया का मानना है कि कंपनी जेएनपीटी और पीपावाव में बाजार भागीदारी में आई गिरावट को रोक पाने या उसे कुछ हद तक सुधारने में सफल रही है। हालांकि, मुंद्रा में उसकी बाजार भागीदारी लगातार घट रही है, जिसका कारण कम मार्जिन वाली बिक्री को न लेना बताया गया है। कोटक सिक्योरिटीज का कहना है कि अदाणी लॉजिस्टिक्स का इसी तरह का व्यवसाय बाजार भागीदारी बढ़ा रहा है और उसका परिचालन मुनाफा मार्जिन 20 से 25 प्रतिशत के बीच होने की संभावना है, जो लगभग 28-29 प्रतिशत के स्तर पर कारोबार करने वाली कॉनकॉर से बहुत अलग नहीं है।

ब्रोकरेज फर्म ने मूल बिक्री से हैंडलिंग में कम प्रवाह और घरेलू कारोबार में कम मुनाफे के कारण परिचालन लाभ और कमाई के अनुमान को 6 प्रतिशत और 8 प्रतिशत तक घटा दिया है। उसने दोनों सेगमेंट (निर्यात-आयात और घरेलू) के लिए प्राप्ति के अनुमान को भी 1-2 फीसदी तक कम कर दिया है। ब्रोकरेज ने इस शेयर के लिए 'बेचें' रेटिंग दी है।

जेएम फाइनैंशियल का भी मानना है कि कंटेनर ट्रेन ऑपरेटरों द्वारा आक्रामक मूल्य निर्धारण नीति से कॉनकॉर की बाजार भागीदारी और कीमतें प्रभावित हो रही हैं। अदाणी लॉजिस्टिक्स और डीपी वर्ल्ड जैसी अच्छी फंडिंग वाले प्रतिस्पर्धियों की आक्रामक मूल्य निर्धारण नीति के कारण मुंद्रा में कंपनी की निर्यात-आयात बाजार भागीदारी में कुछ गिरावट देखी गई। ब्रोकरेज फर्म के विश्लेषक प्रियंकर विश्वास का मानना है कि अदाणी और डीपी वर्ल्ड के इंटिग्रेटेड ऐंड-माइल लॉजिस्टिक्स पर ध्यान देने से यह स्थिति बनी रह सकती है।

वेस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के चालू होने के बाद सड़क से रेल परिवहन में बदलाव से कॉनकॉर को फायदा होगा, लेकिन यह कहना सही नहीं होगा कि इससे रेल परिवहन में बहुत बड़ा बदलाव आएगा, क्योंकि जेएनपीटी में निर्यात-आयात कंटेनर अब पहले की तुलना में अधिक संख्या में डब्ल्यूडीएफसी कॉरिडोर के बजाय अन्य मार्गों से भी भेजे जा रहे हैं।

हाईवे/एक्सप्रेसवे इन्फ्रास्ट्रक्चर पर बढ़े हुए निवेश और शॉर्ट लीड ट्रैफिक की बढ़ती हिस्सेदारी के कारण सड़क परिवहन में बदलाव नहीं हो पाया है। हालांकि यह शेयर वित्त वर्ष 2027 की आय के 25 गुना मूल्यांकन पर कारोबार कर रहा है, लेकिन जेएम फाइनैंशियल ने अल्पावधि में कोई सकारात्मक संकेत न होने का हवाला देते हुए इसकी रेटिंग डाउनग्रेड कर 'घटाएं' कर दी है।

# शेयर बाजार में लगातार सातवें दिन गिरावट

**विदेशी** पूंजी निकासी जारी रहने और बैंक शेयरों में बिकवाली के बीच घरेलू शेयर बाजार सोमवार को उतार-चढ़ाव भरे सत्र में मामूली गिरावट के साथ लगातार सातवें दिन नुकसान के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 61 अंक और निफ्टी में 20 अंक की गिरावट दर्ज हुई। विश्लेषकों के मुताबिक, इस सप्ताह के मध्य में नीतिगत ब्याज दरों पर आरबीआई का फैसला आने से पहले निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। इसके अलावा लगातार विदेशी पूंजी निकासी से भी निवेशक धारणा कमजोर रही।

बीएसई सेंसेक्स सीमित कारोबार में उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद 61.52 अंक यानी 0.08 फीसदी की गिरावट के साथ 80,364.94 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान इसने 80,851.38 के ऊपरी और 80,248.84 के निचले स्तर को भी छुआ। एनएसई का मानक सूचकांक निफ्टी भी लगातार सातवें सत्र में 19.80 अंक यानी 0.08 फीसदी गिरकर 24,634.90 पर टिका। इसके साथ ही पिछले सात कारोबारी सत्रों में बीएसई सेंसेक्स में 2,649.02 अंक यानी 3.19 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। इस दौरान एनएसई निफ्टी को भी 788.7 अंक यानी 3.10 फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा है।

सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से मारुति, ऐक्सिस बैंक, लार्सन ऐंड टुब्रो, आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स और हिंदुस्तान यूनिलीवर में गिरावट रही। हालांकि, टाइटन, भारतीय स्टेट बैंक, इटर्नल और ट्रेंट के शेयर प्रमुख रूप से लाभ में रहे।

जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव भरा सत्र स्थिर बंद हुआ। *भाषा*

# बाजार नियामक की वैध यूपीआई पहल के परिचालन में बाधा

**खुशबू तिवारी**
मुंबई, 29 सितंबर

**बाजार** नियामक सेबी ने 1 अक्टूबर से बाजार मध्यस्थों के लिए वैध यूपीआई हैंडल शुरू करने की पहल की है लेकिन यह पहल परिचालन संबंधी बाधाओं का सामना कर रही है। बड़ी संख्या में ऐसे शोध विश्लेषक और निवेश सलाहकार हैं जो अभी तक अपने हैंडल सुरक्षित कर पाए हैं।



जून में सेबी ने धोखाधड़ी और छद्म पहचान रोकने के लिए सभी पंजीकृत मध्यस्थों के लिए @ वैलिड वाला नया यूपीआई प्रारूप अनिवार्य कर दिया था। इस पहल का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि निवेशक केवल अधिकृत संस्थाओं को ही धनराशि हस्तांतरित करें क्योंकि बैंक केवल सेबी के सिस्टम पर सत्यापित मध्यस्थों को ही हैंडल जारी करेंगे।

कई मध्यस्थों ने कुछ अहम मसलों को उठाया है : सेबी के मध्यस्थ पोर्टल (एसआई पोर्टल) और बैंक रिकॉर्ड में नामों के बीच तालमेल नहीं होना, प्रक्रिया के बारे में बैंक कर्मचारियों के बीच सीमित जागरूकता और अनुमोदित सूची में कई बैंकों का नाम नहीं होना।

एक शोध विश्लेषक ने बिजनेस स्टैंडर्ड को बताया, सेबी के मध्यस्थ पोर्टल पर हमारी इकाई का नाम अलग है। चूंकि बैंक हैंडल जारी करने से पहले उस पोर्टल से नामों का सत्यापन करते हैं, इसलिए हमारा आवेदन अटका हुआ है। हमने यह मसला सेबी के पास उठाया है। उद्योग जगत के एक प्रतिभागी का अनुमान है कि करीब 25 फीसदी निवेश सलाहकारों ने अभी तक अपने यूपीआई हैंडल को सत्यापित नहीं कराया है।

एक निवेश सलाहकार ने कहा, निवेश सलाहकार बीएसई की निगरानी में आते हैं और उनके नाम सेबी के एसआई पोर्टल पर नहीं दिखते। बीएसई ने हमें सीधे अपने बैंकों से संपर्क करने की सलाह दी थी, लेकिन ज्यादातर शाखाओं में इस बारे में स्पष्टता नहीं थी। आवेदन लंबित हैं और बैंकों को भेजे गए ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला है। उन्होंने बताया कि एक्सचेंज की स्वीकृत सूची से कई बैंकों के नाम गायब हैं। एक अन्य सलाहकार के अनुसार, बीएसई ने इस मामले को बड़े पैमाने पर उठाया है तथा वह मध्यस्थों से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर रहा है।

सेबी ने इन चिंताओं के समाधान के लिए करीब 600 प्रतिभागियों के साथ हाल में एक वेबिनार किया था। हालांकि कई मुद्दे अभी भी अनसुलझे हैं और नियामक ने मध्यस्थों से आगे स्पष्टीकरण के लिए ईमेल के माध्यम से अपने प्रश्न भेजने को कहा है। उद्योग जगत के कुछ जानकारों का कहना है कि वैध यूपीआई हैंडल की कमी से तत्काल कोई व्यवधान उत्पन्न नहीं हो सकता है क्योंकि कई ग्राहक सलाहकारों के साथ लेन-देन करते समय अन्य भुगतान विधियों को प्राथमिकता देते हैं।

नए यूपीआई आईडी एबीसी डॉट बीकेआर @वैलिडएचडीएफसी या एक्सवाईजेड डॉट एमएफ @ वैलिडएचडीएफसी जैसे प्रारूपों में होंगे। आसान पहचान के लिए इनमें हरे त्रिकोण के अंदर एक सफेद थम्स अप चिह्न भी होगा। बैंकों को सेबी के पोर्टल से मध्यस्थ विवरण का मिलान करने के बाद ही हैंडल जारी करने होंगे।

जून के सर्कुलर के तहत बैंकों को 90 दिनों के भीतर आवंटन पूरा करने को कहा गया था। इसके बाद पुराने यूपीआई आईडी बंद कर दिए जाएंगे। इस बारे में जानकारी के लिए सेबी और बीएसई को भेजे गए सवालों का जवाब नहीं मिला।

# 2025 में आईपीओ की रकम जाएगी 1 ट्रिलियन रुपये के पार

**अगले** हफ्ते गैर-बैंकिंग वित्तीय सेवा कंपनी टाटा कैपिटल और को-वर्किंग ऑपरेटर वीवर्क इंडिया मैनेजमेंट की बड़ी शेयर बिक्री पूरी होने के बाद भारत का प्राथमिक बाजार 1 लाख करोड़ रुपये जुटाने के अहम पड़ाव को पार करने की राह पर है। दमदार आईपीओ की कतार के कारण यह साल वर्ष 2024 में जुटाए गए 1.6 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड को चुनौती देने के लिए तैयार दिखता है। यह तीसरा मौका है जब कैलेंडर वर्ष के दौरान आईपीओ से जुटाई गई रकम पिछले साल और 2021 के बाद 1 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा होगी। वर्ष 2021 में 1.2 लाख करोड़ रुपये जुटाए गए थे। वर्ष के पहले पांच महीनों में अमेरिकी टैरिफ में वृद्धि और कंपनियों की आय को लेकर निराशा के कारण धीमी शुरुआत के बाद जून से आईपीओ गतिविधियों में तेजी आई। एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया, बिलियनब्रेन्स गैराज वेंचर्स (ग्रो), मीशो और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल ऐसेट मैनेजमेंट जैसी प्रमुख कंपनियों की पेशकश के कारण अंतिम तिमाही में यह गति और तेज होने की उम्मीद है। पहले 10 महीनों में ही रकम जुटाने की रफ्तार पिछले साल से कहीं ज्यादा हो गई है। इस साल के प्रदर्शन की खास बात यह है कि पेशकशों की यह भारी संख्या अपेक्षाकृत कमजोर सेकंडरी बाजार की पृष्ठभूमि में देखने को मिल रही है। *समी मोडक*

## आईपीओ बाजार में मजबूती

| महीना | 2023 | 2024 | 2025 |
|---|---|---|---|
| जनवरी | 0 | 3,265 | 4,845 |
| फरवरी | 0 | 7,499 | 10,878 |
| मार्च | 633 | 2,357 | 0 |
| अप्रैल | 5,191 | 4,924 | 2,981 |
| मई | 0 | 9,606 | 8,983 |
| जून | 2,246 | 3,628 | 17,688 |
| जुलाई | 2,223 | 5,064 | 16,125 |
| अगस्त | 4,759 | 17,110 | 10,454 |
| सितंबर | 11,893 | 11,058 | 13,302 |
| अक्टूबर | 4,987 | 38,689 | 18,512 |
| अक्टूबर तक | 31,931 | 103,200 | 103,768 |
| पूरे साल | 49,436 | 159,784 | NA |

स्रोत : प्राइम डेटाबेस। आंकड़े करोड़ रुपये

आंकड़ों में वे आईपीओ भी शामिल जो आ रहे हैं मसलन टाटा कैपिटल, वीवर्क

# चांदी 1.5 लाख रु. के नए रिकॉर्ड पर, सोना भी उछला

**राष्ट्रीय** राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को चांदी की कीमत 7,000 रुपये उछलकर 1.5 लाख रुपये प्रति किलोग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गईं। सोना भी मजबूत वैश्विक रुझानों के बीच 1,500 रुपये चढ़कर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के नए शिखर पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सराफा संघ ने यह जानकारी दी।

स्थानीय सराफा बाजार में 99.9 फीसदी शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,500 रुपये बढ़कर 1,19,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गई, जो पिछले सत्र में 1,18,000 रुपये प्रति 10 ग्राम रही थी। वहीं 99.5 फीसदी शुद्धता वाला सोना भी 1,500 रुपये की तेजी के साथ 1,18,900 रुपये प्रति 10 ग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो शनिवार को 1,17,400 रुपये प्रति 10 ग्राम रहा था।

चांदी की कीमतों में भी भारी तेजी देखी गई और यह 7,000 रुपये उछलकर 1,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इसमें लगातार चौथे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। पिछले कारोबार में चांदी कीमत 1,43,000 रुपये प्रति किलोग्राम थी।

विदेशी बाजार में हाजिर सोना करीब 2 फीसदी बढ़कर 3,824.61 डॉलर प्रति औंस के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया, जबकि चांदी दो फीसदी से अधिक बढ़कर 47.18 डॉलर प्रति औंस हो गई। *भाषा*


**THIS IS A PUBLIC ANNOUNCEMENT FOR INFORMATION PURPOSES ONLY AND IS NOT A PROSPECTUS ANNOUNCEMENT AND DOES NOT CONSTITUTE AN INVITATION OR OFFER TO ACQUIRE, PURCHASE OR SUBSCRIBE TO SECURITIES. NOT FOR RELEASE, PUBLICATION OR DISTRIBUTION DIRECTLY OR INDIRECTLY OUTSIDE INDIA.**

**PUBLIC ANNOUNCEMENT**

VIVID ELECTROMECH LIMITED

# VIVID ELECTROMECH LIMITED

**CIN:** U31200MH1990PLC057679

(Please scan this QR Code to view the DRHP)

Our Company was originally incorporated as a Private Limited Company under the name "Vivid Electromech Private Limited" under the provisions of the Companies Act, 1956 at Bombay, Maharashtra, pursuant to a certificate of incorporation dated August 10, 1990 bearing registration no 11-57679 issued by the Registrar of Companies, Bombay, Maharashtra. Subsequently, pursuant to Special Resolution passed by the Shareholders at the Extra Ordinary General Meeting held on December 21, 2024 our Company was converted into a Public Limited Company and consequently the name of our Company was changed from "Vivid Electromech Private Limited" to "Vivid Electromech Limited" vide a fresh certificate of incorporation dated February 12, 2025, issued by the Registrar of Companies, Central Registration Centre. Our Company's Corporate Identity Number consequent to conversion is U31200MH1990PLC057679.

**Registered Office:** Plot No. A-173/7, T.T.C Industrial Area, MIDC, Kharine, Navi Mumbai- 400710- Maharashtra, India
**Tel No:** +022-68175555; **E-mail:** cs@vividgroup.in; **Website:** www.vividgroup.in
**Contact Person:** Chaitali Rajesh Shah, Company Secretary & Compliance Officer;

**OUR PROMOTERS: SAMEER VISHVANATH ATTAVAR AND MEETA SAMEER ATTAVAR**

**"THE OFFER IS BEING MADE IN ACCORDANCE WITH CHAPTER IX OF THE SEBI (ICDR) REGULATIONS (IPO OF SMALL AND MEDIUM ENTERPRISES) AND THE EQUITY SHARES ARE PROPOSED TO BE LISTED ON SME PLATFORM OF NATIONAL STOCK EXCHANGE OF INDIA LIMITED ("NSE EMERGE")."**

## THE OFFER

**INITIAL PUBLIC OFFER OF UPTO 23,52,000 EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH (THE "EQUITY SHARES") OF VIVID ELECTROMECH LIMITED ("OUR COMPANY" OR "THE ISSUER") AT AN OFFER PRICE OF ₹[●] PER EQUITY SHARE (INCLUDING SHARE PREMIUM OF ₹[●] PER EQUITY SHARE) FOR CASH, AGGREGATING UP TO ₹[●] LAKHS ("PUBLIC OFFER") COMPRISING OF A FRESH ISSUE OF 18,84,000 EQUITY SHARES AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS (THE "FRESH ISSUE") AND AN OFFER FOR SALE OF 4,68,000 EQUITY SHARES BY THE PROMOTER SELLING SHAREHOLDER ("OFFER FOR SALE") AGGREGATING TO ₹ [●] LAKHS COMPRISING; 1,17,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹[●] LAKHS BY SAMEER VISHVANATH ATTAVAR AND 3,51,000 EQUITY SHARES AGGREGATING UP TO ₹[●] LAKHS BY MEETA SAMEER ATTAVAR (COLLECTIVELY REFFERD AS "PROMOTER SELLING SHAREHOLDERS"), OUT OF WHICH [●] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH, AT AN OFFER PRICE OF ₹[●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING ₹[●] LAKHS WILL BE RESERVED FOR SUBSCRIPTION BY THE MARKET MAKER TO THE OFFER (THE "MARKET MAKER RESERVATION PORTION"). THE PUBLIC OFFER LESS MARKET MAKER RESERVATION PORTION I.E. OFFER OF [●] EQUITY SHARES OF FACE VALUE OF ₹10/- EACH, AT AN OFFER PRICE OF ₹[●] PER EQUITY SHARE FOR CASH, AGGREGATING UPTO ₹[●] LAKHS IS HEREIN AFTER REFERRED TO AS THE "NET OFFER". THE PUBLIC OFFER AND NET OFFER WILL CONSTITUTE [●]% AND [●]% RESPECTIVELY OF THE POST- OFFER PAID-UP EQUITY SHARE CAPITAL OF OUR COMPANY.**

**THE PRICE BAND AND THE MINIMUM BID LOT WILL BE DECIDED BY OUR COMPANY IN CONSULTATION WITH THE BRLM AND WILL BE ADVERTISED IN ENGLISH EDITION OF [●] (A WIDELY CIRCULATED ENGLISH NATIONAL DAILY NEWSPAPER) AND HINDI EDITION OF [●] (A WIDELY CIRCULATED HINDI NATIONAL DAILY NEWSPAPER AND MARATHI EDITION OF [●], REGIONAL NEWSPAPER (MARATHI BEING THE REGIONAL LANGUAGE OF NAVI MUMBAI WHERE OUR REGISTERED OFFICE IS LOCATED), AT LEAST TWO WORKING DAYS PRIOR TO THE BID/OFFER OPENING DATE AND SHALL BE MADE AVAILABLE TO THE SME PLATFORM OF NSE ("NSE EMERGE") FOR THE PURPOSES OF UPLOADING ON THEIR WEBSITE.**

In case of any revision in the Price Band, the Bid/Offer Period shall be extended for at least three additional Working Days after such revision of the Price Band, subject to the total Bid/Offer Period not exceeding 10 Working Days. In cases of force majeure, banking strike or similar circumstances, our Company, for reasons to be recorded in writing extend the Bid/Offer Period for a minimum of one Working Days, subject to the Bid/Offer Period not exceeding 10 Working Days. Any revision in the Price Band, and the revised Bid/Offer Period, if applicable, shall be widely disseminated by notification to the Stock Exchanges by issuing a press release and also by indicating the change on the website of the BRLM and at the terminals of the Members of the Syndicate and by intimation to Designated Intermediaries and Sponsor Bank.

The Offer is being made through the Book Building Process, in terms of Rule 19(2)(b)(i) of the Securities Contracts (Regulation) Rules, 1957, as amended ("SCRR") read with Regulation 253 of the SEBI ICDR Regulations, as amended, wherein not more than 50% of the Net Offer shall be allocated on a proportionate basis to Qualified Institutional Buyers ("QIBs", the "QIB Portion"), provided that our Company may, in consultation with the Book Running Lead Managers, allocate up to 60% of the QIB Portion to Anchor Investors on a discretionary basis in accordance with the SEBI ICDR Regulations ("Anchor Investor Portion"), of which one-third shall be reserved for domestic Mutual Funds, subject to valid Bids being received from domestic Mutual Funds at or above the Anchor Investor Allocation Price. In the event of under-subscription, or non-allocation in the Anchor Investor Portion, the balance Equity Shares shall be added to the Net QIB Portion. Further, 5% of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis only to Mutual Funds, and the remainder of the Net QIB Portion shall be available for allocation on a proportionate basis to all QIBs, including Mutual Funds, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. However, if the aggregate demand from Mutual Funds is less than 5% of the Net QIB Portion, the balance Equity Shares available for allocation in the Mutual Fund Portion will be added to the remaining Net QIB Portion for proportionate allocation to QIBs. Further, not less than 15% of the Net Offer shall be available for allocation on a proportionate basis to Non-Institutional Bidders (1/3rd of the portion available to NIBs shall be reserved for applicants with an application size of more than 2 lots and upto such lots equivalent to not more than ₹ 10.00 Lakhs and 2/3rd of the portion available to NIBs shall be reserved for applicants with an application size of more than ₹ 10.00 Lakhs and the unsubscribed portion in either of the sub-categories, could be allocated to applicants in the other sub-category of NIBs) and not less than 35% of the Net Offer shall be available for allocation to Individual Bidders in accordance with the SEBI ICDR Regulations, subject to valid Bids being received at or above the Offer Price. All potential Bidders (except Anchor Investors) are required to mandatorily utilize the Application Supported by Blocked Amount ("ASBA") process providing details of their respective ASBA accounts, and UPI ID in case of Individual Investors using the UPI Mechanism, if applicable, in which the corresponding Bid Amounts will be blocked by the SCSBs or by the Sponsor Bank under the UPI Mechanism, as the case may be, to the extent of respective Bid Amounts. Anchor Investors are not permitted to participate in the Offer through the ASBA process. For details, see ***"Offer Procedure"*** beginning on page 282 of this Draft Red Herring Prospectus.

This public announcement is made in compliance with the provisions of Regulation 247(2) of the SEBI ICDR Regulations to inform the public that our Company is proposing to undertake, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, an initial public offering of its Equity Shares of face value ₹10/- each pursuant to the Offer and the Draft Red Herring Prospectus dated September 26, 2025 and has been filed with SME Platform of National Stock Exchange of India Limited ("NSE Emerge") on September 26, 2025. The Draft Red Herring Prospectus filed with NSE Emerge shall be made public, for comments, if any, for a period of at least 21 days from the date of filing, by hosting it on the website of NSE Emerge at https://www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents#sme_offer, on the website of the BRLM at www.hemsecurities.com and also on the website of our Company www.vividgroup.in our Company invites public to give comments on the Draft Red Herring Prospectus filed with NSE Emerge with respect to disclosures made in the Draft Red Herring Prospectus. The public is requested to send a copy of the comments to the Company Secretary & Compliance Officer of the Company and/or to the BRLM at their respective addresses mentioned below. All comments must be received by our Company and/or the Company Secretary & Compliance Officer of our Company, and/or to the BRLM in relation to the offer on or before 5.00 p.m. on the 21st day from the aforementioned date of filing of the Draft Red Herring Prospectus with NSE Emerge.

Investments in Equity and Equity-related securities involve a degree of risk and investors should not invest any funds in this offer unless they can afford to take the risk of losing their entire investment. Investors are advised to read the risk factors carefully before taking an investment decision in the offer. For taking an investment decision, investors must rely on their own examination of our Company and the offer including the risks involved. The Equity Shares issued in the offer have not been recommended or approved by the Securities and Exchange Board of India ("SEBI"), nor does SEBI guarantee the accuracy or adequacy of the Draft Red Herring Prospectus. Specific attention of the investors is invited to the section ***"Risk Factors"*** beginning on page 29 of this Draft Red Herring Prospectus.

Any decision to invest in the equity shares described in the Draft Red Herring Prospectus may only be taken after a Red Herring Prospectus has been filed with the Registrar of Companies (ROC) and must be made solely on the basis of such Red Herring Prospectus as there may be material changes in the Red Herring Prospectus from the Draft Red Herring Prospectus. The equity shares, when offered through the Red Herring Prospectus, are proposed to be listed on SME Platform of National Stock Exchange of India Limited ("NSE Emerge"). For details of the share capital and capital structure of our Company and the names of the signatories to the Memorandum of Association and the number of shares subscribed by them of the Company, see ***"Capital Structure"*** beginning on page 71 of the Draft Red Herring Prospectus. The liability of the members of our Company is limited. For details of the main objects of our Company as contained in our Memorandum of Association, see ***"History and Corporate Structure"*** beginning on page 151 of the Draft Red Herring Prospectus.

The BRLM associated with the Issue has handled 67 Public Issues in the past three years, out of which 2 issue was closed below the Issue/ Offer Price on listing date:

| Name of BRLM | Total Issue | | Issue closed below IPO Price on listing date |
|---|---|---|---|
| | Mainboard | SME | |
| Hem Securities Limited | 2 | 65 | 2 (SME) |

**BOOK RUNNING LEAD MANAGER TO THE OFFER**

Hem Securities

**HEM SECURITIES LIMITED**
**Address:** 904, A Wing, Naman Midtown, Senapati Bapat Marg, Elphinstone Road, Lower Parel, Mumbai-400013, Maharashtra, India.
**Tel. No.:** +91- 22- 4906 0000; **Email:** ib@hemsecurities.com;
**Investor Grievance Email:** redressal@hemsecurities.com; **Website:** www.hemsecurities.com
**Contact Person:** Ravi Kumar Gupta; **SEBI Registration Number:** INM000010981
**CIN:** U67120RJ1995PLC010390

**REGISTRAR TO THE OFFER**

MUFG MUFG Intime

**MUFG Intime India Private Limited**
(Formerly known as Link Intime India Private Limited)
**Address:** C-101, 1st Floor, 247 Park, L.B. S. Marg, Vikhroli (West) Mumbai 400 083 Maharashtra, India
**Telephone:** +91 810 811 4949; **Email:** vividelectromech.smeipo@in.mpms.mufg.com
**Investor grievance email:** vividelectromech.smeipo@in.mpms.mufg.com
**Website:** https://in.mpms.mufg.com/ ; **Contact Person:** Shanti Gopalkrishnan
**SEBI Registration No.:** INR000004058; **CIN:** U67190MH1999PTC118368

**COMPANY SECRETARY & COMPLIANCE OFFICER**

**Chaitali Rajesh Shah**
**Vivid Electromech Limited**
**Registered Office:** Plot No. A-173/7, T.T.C Industrial Area, MIDC, Kharine, Navi Mumbai, 400710, Maharashtra, India
**Tel No:** +022-68175555; **E-mail:** cs@vividgroup.in; **Website:** www.vividgroup.in

**All capitalized terms used herein and not specifically defined shall have the same meaning as ascribed to them in the Draft Red Herring Prospectus.**

**For and on behalf of the Board of Directors**
**Vivid Electromech Limited**
**Sd/-**
**Chaitali Rajesh Shah**
**Company Secretary and Compliance Officer**

**Place:** Navi Mumbai, Maharashtra
**Date:** September 29, 2025

**Disclaimer:** Vivid Electromech Limited is proposing, subject to applicable statutory and regulatory requirements, receipt of requisite approvals, market conditions and other considerations, to make an initial public offer of its Equity Shares and has filed the Draft Red Herring Prospectus on September 26, 2025. The Draft Red Herring Prospectus is available on the website of NSE Emerge at https://www.nseindia.com/companies-listing/corporate-filings-offer-documents#sme_offer and is available on the websites of the BRLM at www.hemsecurities.com and also on the website of the Company www.vividgroup.in. Any potential investors should note that investment in equity shares involves a high degree of risk and for details relating to the same, see section titled ***"Risk Factors"*** beginning on page 29 of the Draft Red Herring Prospectus. Potential investors should not rely on the Draft Red Herring Prospectus for making any investment decision.

The Equity Shares have not been and will not be registered under the U.S. Securities Act of 1933, as amended (the **"Securities Act"**) or any state securities laws in the United States, and unless so registered, and may not be issued or sold within the United States, except pursuant to an exemption from, or in a transaction not subject to, the registration requirements of the Securities Act and in accordance with any applicable U.S. State Securities laws. The Equity Shares are being issued and sold outside the United States in 'offshore transactions' in reliance on Regulation "S" under the Securities Act and the applicable laws of each jurisdiction where such issues and sales are made. There will be no public offering in the United States.

